बरेली, गुरुवार
12 अप्रैल 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 18

दैनिक जागरण

158 केंद्रों पर आयोजित होगी यूपी एसईई

जासं, लखनऊ : सूबे में इंजीनियरिंग व मैनेजमेंट कॉलेजों में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली राज्य प्रवेश परीक्षा (एसईई) 2018 इस बार 158 केंद्रों पर आयोजित होगी। इसके लिए यूपी के साथ-साथ दूसरे राज्यों के आठ जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। 29 अप्रैल को दो पालियों में बीटेक, बीआर्क, बीफार्मा आदि कोर्सेज में दाखिले के लिए ऑफ लाइन प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा का आयोजन इस बार भी डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) द्वारा किया जा रहा है।

यूपी एसईई में जो 158 केंद्र बनाए गए हैं उनमें सबसे ज्यादा 17 परीक्षा केंद्र वाराणसी, 16 परीक्षा केंद्र लखनऊ, 11 परीक्षा केंद्र कानपुर में, 12 परीक्षा केंद्र इलाहाबाद में और नौ परीक्षा केंद्र गोरखपुर में बनाए गए हैं।

इसके अलावा दूसरे राज्यों में आठ जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें दिल्ली, देहरादून व रांची प्रमुख हैं। दो पालियों में होने वाली प्रवेश परीक्षा में पहली पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक बीटेक, बीफार्मा, बैचलर ऑफ डिजाइन आदि कोर्सेज में दाखिले की प्रवेश परीक्षा होगी। वहीं, दूसरी पाली में दोपहर तीन बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक बीआर्क कला वर्ग के विद्यार्थियों की प्रवेश परीक्षा होगी।